आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून उत्तराखण्ड)
बुधवार 11.06.2025
समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में छह प्रस्तावों को मंजूरी मिली।
- लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला कल मसूरी स्थित लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी में भारतीय प्रशासनिक सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों को संबोधित करेंगे।
- पिथौरागढ़ जिला प्रशासन और मत्स्य विभाग की पहल पर 55वीं वाहिनी एसएसबी, पिथौरागढ़ के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर।
- 'विकसित कृषि संकल्प अभियान खरीफ–2025' के तहत पौड़ी गढ़वाल के पोखड़ा विकासखंड मुख्यालय में कृषक संवाद एवं जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन।

**<u>राज्य मंत्रिमंडल</u>**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में आज सचिवालय में आयोजित राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में छह प्रस्तावों को मंजूरी मिली। गृह सचिव शैलेश बगोली ने पत्रकारों को बैठक में लिए गए फैसलों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कृषि एवं कृषक कल्याण विभाग के अन्तर्गत स्वायत्तशासी राज्य अनुदानित संस्था– उत्तराखंड जैव प्रौद्योगिकी परिषद् के दो केंद्रों में पहले से सृजित 46 पदों के लिए नियमावली को मंजूरी दी गई। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड बाढ़ मैदान परिक्षेत्रण अधिनियम, 2012 के तहत आसन नदी के प्रारम्भिक बिन्दु भट्टा फॉल से आसन बैराज तक आसन नदी के दोनों तटों पर बाढ़ परिक्षेत्र की अधिसूचना के संबंध में मंत्रिमंडल ने मंजूरी दी।

मंत्रिमंडल की बैठक में खनन, स्वास्थ्य शिक्षा आदि से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण निर्णय भी लिए गए।

**<u>लोकसभा अध्यक्ष मसूरी दौरा</u>**

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला कल मसूरी स्थित लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी में भारतीय प्रशासनिक सेवा के प्रशिक्षण ले रहे अधिकारियों को संबोधित करेंगे। गौरतलब है कि अकादमी में 127वां इंडक्शन ट्रेनिंग प्रोग्राम, राज्य सिविल सेवाओं से भारतीय प्रशासनिक सेवा में प्रोन्नत अधिकारियों के लिए विशेष रूप से तैयार किया गया है। इस पाठ्यक्रम में 19 राज्यों की सेवाओं से प्रोन्नत 97 अधिकारी शामिल हैं, जिनमें 73 पुरुष अधिकारी और 24 महिला अधिकारी हैं।

यह कार्यक्रम 'विकसित भारत– 2047 की राष्ट्रीय दृष्टि और 'मिशन कर्मयोगी' के लक्ष्यों से प्रेरित होकर अधिकारियों को राज्य स्तरीय प्रशासनिक भूमिकाओं से राष्ट्रीय स्तर की नेतृत्वकारी जिम्मेदारियों में सुगम रूपांतरण का एक सुव्यवस्थित मंच प्रदान करता है। इसका उद्देश्य नीति निर्माण, अंतर क्षेत्रीय समन्वय और संस्थागत नेतृत्व के लिए नैतिक, सक्षम और भविष्य के लिए तैयार सिविल सेवकों का निर्माण करना है। यह

कार्यक्रम सात प्रमुख विषयगत स्तंभो– सुशासन, व्यक्तित्व विकास, सहयोगात्मक अधिगम, प्रौद्योगिकी, नेतृत्व अंतर्दृष्टि, उद्यमिता और क्षेत्रीय अवगाहन पर आधारित है।

## राज्य अनुसूचित जाति आयोग

राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष मुकेश कुमार ने कहा है कि केंद्र और राज्य सरकार की ओर से अनुसूचित जाति के कल्याण के लिए चलाई जा रही अनेक योजनाओं का लाभ अंतिम छोर पर बैठे लोगों को मिले, इसके लिए सरकार प्रतिबद्ध है। आज अल्मोड़ा में अनुसूचित जाति के कल्याण के लिए संचालित योजनाओं के संबंध में आयोजित बैठक में उन्होंने योजनाओं का लाभ अनुसूचित जाति के लोगों को देने के निर्देश दिए। उन्होंने अनुसूचित जाति के जन प्रतिनिधियों द्वारा बैठक में रखी गई समस्याओं के निराकरण का आश्वासन भी दिया।

## टिहरी दुर्घटना घायल

टिहरी जिले में जाखणीधार तहसील के टिपरी के पास आज तीर्थयात्रियों की एक बस के सड़क पर पलट जाने से तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को जिला चिकित्सालय, नई टिहरी रैफर किया गया है। हादसे में लगभग 16 अन्य मामूली रूप से घायल हो गए। बस में सवार लोग अहमदाबाद के बताए जा रहे हैं, जो गंगोत्री दर्शन के बाद केदारनाथ जा रहे थे।

## मत्स्य पालक एमओयू पिथौरागढ़

स्थानीय मत्स्य पालकों को रोजगार से जोड़ने के लिए पिथौरागढ़ जिला प्रशासन और मत्स्य विभाग की पहल पर 55वीं वाहिनी एसएसबी, पिथौरागढ़ के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया। इसके तहत एसएसबी मुख्यालय पिथौरागढ़ सहित एसएसबी की सभी अग्रिम चौकियों को मत्स्य विभाग द्वारा ट्राउट मछली उपलब्ध कराई जाएगी। इसकी पहली खेप को आज 55वीं वाहिनी मुख्यालय से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी ने कहा कि इस योजना के जरिए वाइब्रेंट विलेज के साथ ही ऊंचाई वाले गांवों में मछली पालकों को रोजगार से जोड़ा जा सकेगा।

मत्स्य विभाग के सहायक निदेशक डॉ. रमेश सिंह चलाल ने बताया कि उनकी योजना एसएसबी की सभी अग्रिम चौकियों के आसपास नए मत्स्य क्लस्टर विकसित करने की है, ताकि स्थानीय लोगों को रोजगार से जोड़ा जा सके।

## विकसित कृशि संकल्प अभियान

'विकसित कृषि संकल्प अभियान खरीफ–2025' के तहत आज पौड़ी गढ़वाल के पोखड़ा विकासखंड मुख्यालय में कृषक संवाद एवं जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान किसानों को जैविक खेती, जल प्रबंधन, यंत्रीकरण, एफपीओ, बागवानी, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, फसल बीमा और पीएम किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं की जानकारी दी गई। इस अवसर पर केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के उप सचिव, अनूप सिंह बिष्ट ने कहा कि इस अभियान के माध्यम से सरकार किसान के द्वार पर आई है। उन्होंने कहा कि वन्य जीवों की वजह से खेती प्रभावित हुई है और इसे लेकर केन्द्र और राज्य सरकारें कवायद कर रही हैं।

## केंद्रीय मंत्रिमंडल

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने रेल मंत्रालय की दो परियोजनाओं को मंजूरी दे दी है, जिनकी कुल लागत छह हजार 405 करोड़ रुपये है। मंत्रिमंडल की बैठक के बाद नई दिल्ली में मीडिया को जानकारी देते हुए सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि 133 किलोमीटर लंबी कोडरमा–बरकाकाना दोहरीकरण परियोजना से 938 गांवों और 15 लाख आबादी को बेहतर संपर्क सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि ये परियोजनाएं झारखंड के चार जिलों कोडरमा, चतरा, हजारीबाग और रामगढ़ को जोड़ेंगी। उन्होंने कहा कि दूसरी परियोजना बेल्लारी–चिकजाजुर दोहरीकरण रेल लाइन 185 किलोमीटर लंबी होगी, जो मैंगलोर बंदरगाह को सिकंदराबाद से जोड़ेगी।